Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी दिनांक 25-10- 2021 अंक 36

प्रकाशन वर्ष : 2021 बरही से प्रकाशित एवं संचालित संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941


बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा / चलकुशा | राज्य / देश

Website- www.apemlive.com सच का साथी Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही प० पंचायत समिति सदस्य के भावी उम्मीदवार कपिल केशरी ने सूर्यमंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक

### सामाजिक सहयोग से करेंगे भगवान भास्कर मंदिर का पूर्ण निर्माण : कपिल केशरी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



सूर्यमंदिर निर्माण को लेकर की गई बैठक में शामिल कपिल केशरी एवं अन्य

बरही छठ घाट स्थित निर्माणाधीन सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर में ही व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष सह अपेम मुख्य संरक्षक एवं भावी पंचायत समिति उम्मिदवार कपिल प्रसाद केशरी ने बरही डीह के श्रद्धालुओं के साथ बैठक की। बैठक में सूर्यमंदिर निर्माण को पूरा करने तथा इस कार्य मे सामाजिक सहयोग लेने को लेकर गहन चर्चा हुई। इस बैठक में कपिल केशरी ने कहा ही सूर्यमंदिर बरही ही नही बल्कि आस पास के ग्रामीणों का आस्था का केंद्र है। इनसे श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। इसलिए हमलोगों को सामाजिक सहयोग से इस मंदिर निर्माण का कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने मंदिर निर्माण में तन मन एव धन से सहयोग करने की घोषणा की। इसके साथ ही कहा कि आगामी त्रिस्तरीय चुनाव में भी अपने योग्य उम्मीदवार को अपना प्रतिनिधि चुने। ताकि प्रखंड स्तर और व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सके। आज भी प्रखंड हो या अंचल भ्रस्टाचार के दलदल में फंसा है। इससे जनता को निजात दिलाने के लिए मजबूत एवं योग्य जनप्रतिनिधि की जरूरत है। मौके पर मुकेश कुमार, प्रमोद सिंह, सूर्य मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष पिंटू ठाकुर,अमित सिंह उर्फ छोटू, विक्की सिंह, छोटू सिंह राजवंशी, अनिल सिंह, अवध पांडेय, बाबू पांडेय, पिंटू ठाकुर, सूरज पांडेय ,परदुमन ठाकुर, चंदन केशरी, राहुल केशरी, अंकित केशरी, राकेश चेतन, अंशु सिंह, आकाश शर्मा, राकेश सिंह, संदीप केशरी, रामू केशरी, राहुल ठाकुर, गेदी केशरी, अंबर ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीएवी बरही के कनन ने सामान्य ज्ञान,विज्ञान और गणित ओलंपियाड में प्राप्त किया प्रथम स्थान

### प्राचार्य ने स्वर्ण पदक एव सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



कनन को सम्मानित करते प्राचार्य ए के सिंह

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के चतुर्थ कक्षा के छात्र कनन ने सामान्य ज्ञान, विज्ञान और गणित ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त कर डीएवी स्कूल का नाम रौशन किया है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कनन ने ज़ोनल रैंक में प्रथम तथा इंटरनेशनल रैंक भी प्रथम रहा।विज्ञान प्रतियो. गिता में जोनल रैंक नवम तथा इंटरनेशनल रैंक दशम रहा।गणित प्रतियोगिता में जोनल रैंक दूसरा तथा इंटरनेशनल रैंक भी दूसरा रहा। यह प्रतियोगिता एस ओ एफ के द्वारा आयोजित की गई थी। पुरस्कार के तौर पर कनन को अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कनन को बधाई देते हुए कहा कि कनन हमेशा से तेज विद्यार्थी रहा है और इसके माता-पिता का सहयोग सदा विद्यालय को मिलता रहा है। हमारा प्रयास भविष्य में भी इसे और भी आगे बढ़ाने का रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय में सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कनन को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। कनन के माता पिता कृष्ण कुमार भारद्वाज और सुमन जी ने भी विद्यालय के प्रति आभार जताया और कहा कि विद्यालय कनन के विकास के लिए सदैव सहभागी रहा है ।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा की विद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं में उन्हें सम्मिलित करवाता रहा है और जिसका मनवांछित फल भी प्राप्त होता रहता है ।इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के भविष्य संवारने में सदैव सहायक होते हैं।प्राचार्य महोदय ने कनन के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मी की पकड़ी रफ्तार

### दावेदारों चाय होटलों पर कर रहे है जमावड़ा, करते है वही से शुरुआत

**अपेम लाइवः बरकट्ठा**
**अजित कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड के 17 पंचायतों में त्रिस्तरीय आगामी पंचायत चुनाव में दावेदारों चाय होटलों पर पहुंच कर चुनावी शुरुआत करते नजर आ रहे हैं। प्रखंड के सूर्यकुंड ढाबा, डेगलाल होटल, बंगाली होटल, शिबू ढाबा, समेत पचफेडी, कपका, बेडोकला, तुर्कबाद होटलों पर सुबह से जमावड़ा कर दावेदारों चर्चा कर रही है। इस दौरान वर्त्तमान पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा भी अपने पांच साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यो का ढिंढ़ोरा पीट रहे है, और पुनः वापसी के लिए ऐडी-चोटी एक करने में लगे हैं। वहीं प्रतिद्वंद्वी लोगों के द्वारा वर्त्तमान पंचायत प्रतिनिधियों के नाकामियों को उजागर करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ज्ञात हो की कई पुरुषों अपनी दावेदारी कर रहे है थे, वही महिला सीट होने के कारण दावेदारी नहीं किए हैं। अब लोंगो को इंतजार है क्या महिला को पुरुषों समाज के लिए आगे लाएंगे।

## शहीद भगत सिंह के पोते में दिखती है भगत सिंह की छवि : विधायक अकेला

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



शहीद भगत सिंह के पोते के साथ अकेला यादव

बरही विधानसभा के विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव हरियाणा के फरीदाबाद स्तिथ भगत सिंह क०लेज परिसर में शहीद भगत सिंह के पोते एवं भगत सिंह ब्रिगेड के संस्थापक यादवेंद्र सिंह सिंधू से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। उन्होंने बताया कि यादवेंद्र कुलबीर सिंह सिंधू शहीद भगत सिंह के छोटे भाई कुलबीर सिंह के पोते हैं। यादवेन्द्र सिंह सिंधू जी में शहीद भगत सिंह की छवि व ओजस्व. ीपन हम देखते हैं। इसलिए मैं बार बार इनसे मिलते रहता हूँ। इस दौरान उन्होंने शहीद भगत सिंह के समाधि स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह के समाधि स्थल पे जाने से मन में शांति एवं देशभक्ति का जोश उभरता है।



दिनांक: 25-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## पारा शिक्षक की निधन पर शोक संतप्त परिजनों से मिले जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बंधाया ढाढस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


शोक संतप्त परिजनों से मिलते मो कयूम

दुधपनिया निवासी व मवि करियातपुर के पारा शिक्षक बंशी साव की आक. स्मित निधन की सूचना पर बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के प्रतिनिधि मो0 कैयूम शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे। साथ ही उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर गहरी संवेदना प्रकट की। इसके अलावे दुधपनिया में ही 10 वर्षीय लवली कुमारी पिता स्वा0 कृष्ण रविदास के निधन पर भी उनके घर पहुंच कर एवं मृतक मो तस्लीम पिता स्वा0 राजबली मियां धनवार के घर जाकर दुख जताया। मौके पर उनके साथ राहुल दास ,गणेश साव, प्रयाग साव, मनोज साव, अरविंद साव, गोविंद साव, दसरथ साव, मुकेश साव, तुलसी कुमार, रामजी रविदास, नरेश दास, मुकेश कुमार, विजय कुमार दास, दिनेश दास ,अशोक दास, पावन कुमार दास, मुकेश दास, मो इम्तेयाज, सिराज उद्दीन, गुलाम मुस्तफा, मो0 अख्तर , समीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पारा शिक्षक बंशी साव के अंतिम यात्रा में शामिल हुए भाजपा नेता किशुन यादव, परिजनों को बंधाया ढाँढस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


शोक संतप्त परिवार से मिलते किशुन यादव

बरही के दुधपनिया गाँव मे पारा शिक्षक बंशी साव के निधन पर निकली अंतिम यात्रा में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव शामिल हुए। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर दुःख प्रकट किया और परिवार वालो को हिम्मत दिलाया कि हर दुःख सुख में आप सभी के साथ हम हमेशा खड़ा रहेंगे। ज्ञात हो कि मृतक बंशी साव करियातपुर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पारा शिक्षक पद पर कार्यरत थे। वे अपने पीछे दो बेटे तीन बेटियां और पत्नी को छोड़ गए। वहीं धनवार पंचायत के ग्राम धनवार में स्वर्गीय कृष्णा रविदास के 10 वर्षीय बेटी लवली कुमारी का देहांत हो गया उनके भी परिवार वालो से जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव ने मुलाकात की। बता दें कि स्वर्गीय कृष्णा रविदास का देहांत पिछले दो वर्ष पहले एक एक्सीडेंट मेंहो गयी थी। उनके दो छोटे छोटे बेटे और एक बड़ी बेटी लवली कुमारी थी। इस गरीब असहाय महिला का कोई सहारा नही रहा। अपने तरफ से आर्थिक मदद करते हुए उन्होंने बताया कि इन सभी घटना को देख कर आज मेरा मन काफी दुखी हो गया है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण राव, गणेश साव, प्रयाग साव, प्रकाश साव, मनोज साव, गोविंद साव, अमृत साव, मुकेश साव, अरविंद साव, तुलसी कुमार, रामजी रविदास, नरेश दास, सूरज कुमार, विकाश कुमार, पवन दास, मुकेश कुमार, विजय दास, अशोक दास, मनोज दास आदि मौजूद रहे।

## उउवि करियातपुर के पारा शिक्षक के निधन पर पारा शिक्षक संघ ने की आर्थिक सहयोग

### सरकार की गलत नीति की खमियाजा भुगत रहे है हमारे पारा शिक्षक, नही हो पाया अब तक पार शिक्षक कल्याण कोष का शुआत : संजय दुबे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


सहयोग राशी देते पारा शिक्षक संघ के लोग

बरही प्रखंड के अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर मैं कार्यरत पारा शिक्षक बंसी साव का निधन इलाज के दौरान हो गई। निधनं का समाचार से पूरा पारा शिक्षक में शोक की लहर है। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें उनकी अंतिम यात्रा में बरही प्रखंड के सैकड़ों पारा शिक्षक शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे के नेतृत्व में तत्काल एकीकृत पारा शिक्षक संघ बरही की ओर से स्वर्गीय बंसी साहू के पुत्र को अंतिम संस्कार के लिए 5000 की सहायता राशि प्रदान की गई। उनकी इस भावभीनी विदाई में शोकाकुल प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे, प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद प्रखंड सचिव मनोज घोष, अनिल केसरी, रामेश्वर रविदास, अजीत कुमार, मो. हम्मद इरशाद ,सीताराम, रमेश प्रजापति, सतीश कुमार, प्रकाश सिंह सहित सौकड़ों पारा शिक्षक शामिल होकर शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर संजय दुबे, दीनानाथ यादव एवं मनोज घोष ने कहा कि आज तक पारा शिक्षक कल्याण कोष नही बन पाया जिसके कारण इस तरह की विषम परिस्थिति में मृतक के परिजनों को संतोषजनक सहायता राशि सरकारी स्तर पर नही दिया जा पा रहा है। जिसके वजह से मृतक के परिजन को काफी परेशानी होती है।

## न्यायालय आपके द्वार में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा कानूनी जानकारी

**अपेम लाइव : पदमा**


कानुनी जानकारी देते हुए अधिकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह न्याय सदन हजारीबाग सचिव पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी के निर्देशन में सोमवार को पदमा प्रखंड के पंचायत भिन्न-भिन्न गांवों में निःशुल्क विधिक सहायता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल लॉयर पैनल लॉयर दीपक अग्रवाल, मुदेश्वर नाजर, मासूम खान, धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि पदमा प्रखंड सहित देश मे अधिक. ांश लोग निर्धन एवं अशिक्षित है। जो सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते है। अधिवक्ता अग्रवाल ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन कर आमजनों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में गरीब एवं अशिक्षित भ्रमित होकर बिचौलिए व गलत व्यक्ति के झांसे में आ जाते है। जिससे उन्हें एक तरफ अपना मौ. लिक अधिकार से वंचित रह जाते है। वही दूसरी ओर आर्थिक बोझ तले दब जाते है। इन सभी वर्गो के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्रा. धिकार ने झालसा एवं डालसा के द्वारा सुगम न्याय दिलवाने के लिए जागरूक करने का काम अमृत महोत्सव के रूप में गांव-गांव जाकर कर रही है। मौके पर ल० विद्यार्थी वर्षा, ऋतु रानी, पीएलवी अनीश कुमार, रामजतन प्रसाद, हरेंद्र कुमार राणा, पंकज कुमार, ऋषि राज सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह न्याय सदन टीम के द्वारा जागरूकता अभियान किया गया।

## बरसोत पंचायत से विष्णुधारी महतो ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी विष्णुधारी महतो ने अपने पंचायत से मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर दी है। साथ ही उन्होंने अपने पंचयतवासियों से जनसमर्थन मांगा है। कहा कि विगत कई वर्षो से मैं अपने पंचायत वातिसयों का बिना कोई लोभ लालच के सेवा करता आया हुॅ। अगर मेरे पंचायत की जनता मुझे चुनकर लाती है, तो अपने पंचायत के विकास में कोई कसर नही छोड़ूंगा।

APEM LIVE

## चंद्रवंशियो ने किया आदित्य चंदेल का भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**


आदित्य चंदेल का स्वागत करते

पटना से धनबाद जाने के क्रम में हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कलहाबाद में वरिष्ठ समाजसेवी सह गरीबों के मसीहा अमित चंदेल के बड़े भाई समर्पण ट्रामा एंड रिसर्च सेंटर के निर्देशक सह हुसैनाबाद विधानसभा पूर्व प्रत्याशी जदयू नेता आदित्य चंदेल का भव्य स्वागत युवा समाजसेवी अजीत सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया। पूर्व मुखिया रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी बादल चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि दीपक चंद्रवंशी, समाजसेवी किशून चंद्रवंशी, आदि ने फूल माला पहनाकर चंदेल का स्वागत किया। आदित्य चंदेल ने समाज के उज्जवल भविष्य के लिए विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया साथ ही साथ कहा कि पूरा चंद्रवंशी समाज हमारा परिवार है और हम सब उस परिवार के सदस्य हैं। हम सभी हर सुख दुख में एक साथ खड़ा है। युवा समा. जसेवी अजीत सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि आदित्य चंदेल व अमित चंदेल हमेशा सभी लोगों की मदद करते हैं। प्रत्येक दिन अमित चंदेल विभिन्न समुदायों के लोगों को अपना सेवा प्रदान करते हैं। आदित्य चंदेल व अमित चंदेल समाज में एक मसीहा के भांति हैं। इस स्वागत कार्यक्रम में पूर्व मुखिया रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ समाजसेवी बादल चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि दीपक चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी अजीत सिंह, समाजसेवी किशन चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, समाजसेवी पंकज चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, डॉक्टर दीपक चंद्रवंशी, सिकंदर चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, विवेक चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी आदि शामिल थे।




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रसोईया धमना पंचायत से परमेश्वर प्रजापति ने पंचायत समिति सदस्य पद के लिए पेश की दावेदारी

### कहा : अपना आशीर्वाद दें, शिक्षा, स्वास्थ्य कृषि में होगा सुधार

**अपेम लाइवः बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के युवा समाजसेवी व शिक्षक परमेश्वर प्रजापति ने पंचायत समिति सदस्य पद की दावेदारी पेश कर दी है। भावी पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी परमेश्वर प्रजापति ने पंचायत समिति सदस्य के माध्यम से अब तक रसोइया धमना पंचायत में कुछ भी विकास नही हुआ। जो भी निर्वाचित हुए वे लोग अपने पद एवं अधिकार का उपयोग नही किए। जिसके कारण पंचायत समिति सदस्य का पद ही गौण होकर रह गया। रसोईया धमना पंचायत विकास से कोसो दूर है। साथ ही उन्होंने अपने पंचायतवासियों से अपील किया कि एक बार मुझे मौका दे ताकि मैं अपने पंचायत का विकास कर सकूं। परमेश्वर प्रजापति ने कहा कि अब तक जितने भी पंचायत समिति सदस्य चुने गए हैं। जात धर्म के नाम पर चुने गए है। जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नही है। हमलोगों को जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास करने वाले को पंचायत समिति सदस्य चुनना होगा। ताकि सभी का विकास हो सके। इस बार जाति धर्म से ऊपर उठकर उन्हें समर्थन करें। विकास जरूर दिखेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्व रोजगार हमारी प्राथमिकता रहेगी।


परमेश्वर प्रजापति

## रसोईया धमना पंचायत से नरेश प्रजापति ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

### एक बार जाति धर्म से ऊपर उठकर समर्थन दें,विकास दिखेगा : नरेश प्र0

**अपेम लाइवः बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के युवा समाजसेवी नरेश प्रजापति ने मुखिया पद की दावेदारी पेश कर दी है। भावी मुखिया प्रत्याशी नरेश प्रजापति ने कहा कि अभी तक हमारे पंचायत में ढंग से मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नही कराया गया है। साथ ही उन्होंने अब तक के जितने निर्वाचित मुखिया हुए हैं, उन पर तंज कसते हुए कहा कि जितने भी मुखिया निर्वाचित हुए है, सिर्फ लूटने का काम किया है। अभी तक रसोईया धमना पंचायत विकास से कोसो दूर है। साथ ही उन्होंने अपने पंचयतवासियों से अपील किया कि एक बार मुझे मौका दे ताकि मैं अपने पंचायत का विकास कर सकूं। नरेश प्रजापति ने कहा कि अब तक जितने भी मुखिया चुने गए हैं। जात धर्म के नाम पर चुने गए है। जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नही है। हमलोगों को जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास करने वाले को मुखिया चुनना होगा। ताकि सभी का विकास हो सके। इस बार जाति धर्म से ऊपर उठकर उन्हें समर्थन करें। विकास जरूर दिखेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्व रोजगार रहेगी प्राथमिकता।


नरेश प्रजापति

## आज का पंचाड्ग----

**आज का अंग्रेजी दिनांकः---26.10.2021**
**शुभसंवत् :--2078(आनंद)**
**शकेः---1943**
**याम्यायन याम्यगोलरू**
**ऋतुः--शरद**
**माहः---कार्तिक**
**पक्षः--कृष्ण पक्ष**
**तिथिः---षष्ठी तिथि**
**दिनः---मंगलवार**
**नक्षत्रः--आद्रा नक्षत्र**
**योगः---शिव**
**करणः---गर**
**सूर्योदय :---प्रातः 06:24**
**सूर्यास्त : संध्या 05:36**
**सूर्य :---तुला राशि में**
**चंद्रमा :---मिथुन राशि में**
**आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनः---04:30 बजे तक**
**अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)**
**आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से वाद विवाद से संबंधित समस्या समाप्त होता है।**



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## राजेश कुमार यादव ने जिला परिषद पद के लिए पेश की दावेदारी

### कहा मौका मिला तो क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड के ग्राम पंचायत अलगडीहा निवासी राजेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय दशरथ यादव ने जिला परिषद के लिए अपना दावेदारी पेश किया है। वर्तमान में राजेश कुमार यादव शिक्षा के क्षेत्र में इस क्षेत्र के युवाओं को अपना अहम योगदान देते आ रहे हैं। इस दौरान कहा कि जनता के हर सुख दुःख में जनता के साथ निःस्वार्थ भावना के साथ रहूंगा। साथ ही कहा क्षेत्र में विकास के लिए शिक्षित युवा की जरूरत हैं। जो सर्वगीण विकास कर सके। हर कार्य को गुणवत्ता पूर्वक करने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि यदि जनता हमें मौका देती है, तो क्षेत्र में हर वर्गो की भागीदारी सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मैं पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ पंचायत के विकास के लिए काम करूंगा। क्षेत्रवासियों को युवा सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, ताकि क्षेत्र का विकास तीव्र गति से हो सके। वहीं उन्होंने कहा कि हर कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, गरीबों को ब्लॉक और थाना का चक्कर नहीं लगाना पड़े, युवाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में हो, यही सोच के साथ मैं चुनाव के मैदान में उतरा हूँ। वहीं उन्हा. ेने भाई - बहना बड़े-बुजुगों युवा पीढ़ियों से अपने लिए समर्थन भी मांगे है।


राजेश कुमार यादव

## दीपक बनाने वाले कुम्हारों के घरों में है अंधेरा, आपकी एक छोटी सी कोशिश इनकी भी कर सकती है दिवाली रौशन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**




प्रखंड क्षेत्र में दीपावली पर्व की धूम मची है। दुकानों की आकर्षक सजावट किये जा रहे हैं, दुकानदारों द्वारा लोकलुभावन ऑफर दिया जा रहा हैं ।लेकिन दूसरों के घरों को उजाला करने वाले कुंभकारों की स्थिति दयनीय है ।लोग लाइटों के लिए चाइना के सामान पर अधिक आकर्षित होते हैं और अपनी मातृभूमि की मिट्टी से बने सामानों को लोग खरीदने से कतराते हैं ।पूरे क्षेत्र में दीपावली की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लोग घरों का रंग-रोगन कराने में,परिधान,पटाखे और पकवान की खरीदारी में लगे हैं,वहीं कुंभकार मिट्टी के दीये,खिलौने,भगवान गणेश और लक्ष्मी की छोटी-बड़ी मूर्तियां बनाने में महीनों से लगे हुए हैं। लेकिन सदियों की परंपरा और वंशानुगत पेशे को बाजार की आधुनिकता ने लील लिया है। आपकी एक छोटी सी कोशिश इनकी भी दीवाली रोशन कर सकते हैं। **क्या कहते हैं स्थानीय कुंभकार** : कुम्हारों की माली हालत के संबंध में इस पुश्तैनी पेशे को छोड़ चुके शिलाडीह के मोती लाल पंडित कहते हैं कि जब तक मिट्टी की इस पारंपतिक कला को सरकार द्वारा संरक्षण नहीं मिलता और उन्हें आर्थिक सहायता नहीं मिलती, तब तक इसे बचा पाना असंभव है। उन्होंने बताया कि मेहनत और लागत के अनुरूप कमाई नहीं होने के कारण कुंभकार अपने खनदानी पेशे से विमुख होते जा रह हैं। स्थानीय कुंभकार संतोष पंडित ने कहा कि मिट्टी के दीपों और खिलौनों पर भी आधुनिकता का प्रभाव पड़ा है। इसके कारण अब मिट्टी का व्यवसाय लगभग ठप पड़ गया है। अब शहर में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की बनी मूर्तियों की मांग बढ़ गई है। इसकी एक वजह इसकी कम कीमत और बेहतर लुक को माना जाता है। वहीं कपका निवासी भेखलाल पंडीत कहते हैं कि इन दिनों मिट्टी से लेकर जलावन तक की कीमत काफी बढ़ी हुई है। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों की लागत थोड़ी कम पड़ती है और देखने में अधिक आकर्षक होने के कारण ग्राहक उस ओर आकर्षित हो जाते हैं।

## पंचायत प्रधान, पंचायत समिति सदस्य एवं ग्रामीणों के सहयोग से एक किलोमीटर सड़क मरम्मती का कराया काम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत धनवार पंचायत के सिंहपुर खुर्द का सड़क लगभग एक किलोमीटर खराब था। जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानी होती थी, जिसको देखते हुए धनवार के पंचायतप्रधान नकुल कुमार, पंचायत समिति सदस्य एवं सैकड़ो ग्रामीणों के सहयोग से खराब सड़क का मरम्मती का कार्य किया गया। मोके पर पंचायत प्रधान नकुल कुमार, पंचायत समिति सदस्य संजय कुशवाहा, खु. बलाल माहतो, महेश प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, शंभु माहतो, हरि प्रसाद, पवन प्रसाद, मनोज कुमार, कमल महतो, नारायण महतो, राजेन्द्र प्रसाद, सुभाष प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, विजय कुमार एवं गांव के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।


सडक मरम्मती कार्य मे जुडे ग्रमीण व अन्य

APEM
LIVE

अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864 , 9122222016

अपेम लाइव न्यूज
संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

जिला : हजारीबाग
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट. कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा


जिला : चतरा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,

जिला : कोडरमा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है-
कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864 , 9431129570 , 9934337941
Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर













## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,




इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



दिनांक: 25-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 05

## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

### राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यो की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मौर्य युवा संगठन गुरुचट्टी ने चलाया गया स्वच्छता अभियान

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**स्वच्छता अभियान में शिबू मेहता व अन्य**

बड़कागांव प्रखंड के गुरु चट्टी मौर्य युवा संगठन के द्वारा गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला से स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला सहित अन्य गली मोहल्लों में जेसीबी मशीन लगाकर साफ सफाई किया गया। मौके पर मौर्य युवा संगठन के अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता ने कहा कि आसपास की जगह को साफ सफाई रखने पर अपना स्वास्थ्य भी बढ़िया रहता है।हम सभी ग्रामीण अपना दायित्व समझते हुए अपने आसपास को साफ सुथरा रखना चाहिए। गंदगी रहने से कई जानलेवा बीमारी भी होता है। वही मौके पर उपस्थित ग्रुप चट्टी कुशवाहा समाज के अध्यक्ष संतोष कुमार ने सभी नौजवानों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि नौजवान के द्वारा जो सफाई कार्यक्रम काफी सराहनीय है हम सभी को इन नौजवानों को सपोर्ट करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से गुरु चट्टी कुशवाहा समाज के कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार, शिक्षक संतोष कुमार, मौर्य युवा संगठन गुरुचट्टी के सचिव अरविंद कुमार,उपाध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष चंदन कुमार,संयोजक जयवीर कुमार, उप सचिव उदय मेहता, संगठन मंत्री सूरज कुमार, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा, मनु कुमार, देवेंद्र कुमार, कमलेश कुमार,अभिषेक आलोक, दिनेश्वर कुमार, अवध किशोर कुमार, रितेश मेहता, मिथिलेश कुमार, निरंजन कुमार ,सतीश कुमार, कपिल कुमार, दिवाकर कुमार, योगेंद्र कुमार ,संदीप कुमार, फुलेश्वर कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार ,शत्रुघन कुमार, उज्जवल कुमार ,मन्नू कुमार, मुकेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मुखिया ने ईट सोलिंग की पी सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


**पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करती मुखिया अनीता देवी एवं अन्य**

बड़कागांव पश्चिमी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने अधिकारियों के साथ पंचायत में हो रहे ईट सो. लिंग पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बड़कागांव अश्विनी दुर्गा मंदिर से लेकर विश्वकर्मा मोहल्ला बजरंग. बली मंदिर तक, महटीकरा गांव में हुलास महतो के घर से लेकर तुलसी महतो के घर तक एवं केरीगढा शमशान घाट रोड का निरीक्षण किया गया। मुखिया अनीता देवी ने कहीं की गुणवत्ता के साथ कार्य किया जा रहा है ग्रामीण उपस्थित होकर कार्य करवाएं।

## भाजपा ने मास्क एवं दवाई का वितरण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**मास्क एवं दवाई का वितरण करते भाजपा नेता राजेंद्र गुप्ता**

सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से बड़कागांव पश्चिमी मंडल के विभिन्न गांव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कोरोना के तीसरी लहर के देखते हुए दवाई और मास्क वितरण किया गया। डाडी कला पंचायत में प्रभारी इंद्र भूषण एवं चेपकला पंचायत के प्रभारी मिथुन राम के द्वारा घूम घूम कर गांव में मास्क एवं दवा वितरण किया। वहीं डाडीकला पंचायत के सभी बूथ में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने ग्राम चेपाखुर्द , डाडीकला, मंझलीडाडी, चेपकला पंचायत के गांवों में जुगरा,आराहरा, हुदवा,में बूथ में ग्रामीणों के बीच मास्क एवं दवाई का वितरण किया ।जिसमें मुख्य रूप से सुनीता देवी, गोपाल प्रजापति, खेमानी साव, भोला साव, मनोज विश्वकर्मा ,जयनंदन सिंह, प्रमोद महतो, शिव शंकर महतो,अजय यादव, बैजनाथ कुमार साव, प्रेम साव, उपस्थित थे।

## भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का किया गया जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**


**दीपक प्रकाश का स्वागत करते**

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का जोरदार स्वागत चुरचू मंडल के चरही मे मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी भाई पटेल उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवकी महतो, हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव, द्वारिका सिंह, जिला कार्यालय प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह, श्रीमती बीना मिश्रा, मंडल महामंत्री दीप नारायण महतो, शशि कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती आशा राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष ललन शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष भोला महतो, आरीफ अंसारी, रोहित महतो, फुलेसर महतो, अजित सिंह, अभिजित सिंह, गबर सिंह, घनश्याम करमाली, पारस महतो, घनश्याम महतो, मण्डल मंत्री मेघनाथ महतो, अशोक महतो, मंजीत भुइया, दिनेश महतो व युवा मोर्चा मंडल कार्यकर्त्ता के सैंकड़ों कार्यकर्त्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



**बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं शिक्षक गन**

नवोदय विद्यालय में वर्ग छः में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की शुरुवात कर दी गई है। बड़कागांव प्रखंड से 365 अभियार्थियों के प्रवेश परीक्षा में शामिल होने का लक्ष्य है। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक निर्धारित की गई है। विद्यालय में प्रवेश के लिए 75 प्रतिशत स्थान ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित विद्यालयों के छात्र छात्रों के लिए आरक्षित किया गया है। एक तिहाई स्थान छात्राओं के लिए एवं 3 प्रतिशत स्थान दिव्यांग छात्र छात्राओं के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति एवं जन जाति के छात्र छात्राओं के लिए भारतीय सरकार के नियमानुसार आरक्षण दिया जाएगा। उक्त विषय को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में बीईओ घनश्याम साहु के साथ नवोदय विद्यालय बोंगा के शिक्षक शिव शंकर पा. सवान, डॉ विनय प्रताप तिवारी एवं अफरोज आलम ने बैठक कर प्रवेश परीक्षा के विषय में विस्तृत चर्चा किया।

## बांग्लादेश के इस्कॉन मंदिर पर हमले के विरोध में निकला संकीर्तन जुलूस


**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



**जुलूस में शामिल इस्कॉनप्रेमी**

बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर में हुए नरसंहार एवं हमले के विरोध में इस्कॉन जीबीसी एवं ग्लोबल कम्युनिकेशंस ग्रुप के निर्देशानुसार विष्णुगढ़ में इस्कॉन विष्णुगढ़ इकाई द्वारा संकीर्तन जुलूस निक. ाला गया। विष्णुगढ़ के ह०स्पिटल चौक से शांतिपूर्ण संकीर्तन जुलूस शुरू होकर अखाड़ा चौक होते हुए सातमील मोड पहुंचकर समापन किया गया। जुलूस में सभी इस्कॉन भक्तों ने एकता और एकजुटता दिखाते हुए बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दू परिवारों के लिए न्याय और सुरक्षा की गारंटी देने की मांग की। जुलूस के दौरान तख्तियां लिए हुए इस्क०नप्रेमियों ने भारत सरकार से दोषियों को दंडित करने में बांग्लादेश सरकार से हस्तक्षेप कराने पर बल दिया। हमले में मारे गए लोगों की याद में शांति प्रार्थना भी की गई। मौके पर भावग्राही कृष्णदास, महाभारत दास, पंच द्रविड़ दास, राधापति दास, भीष्मदेव दास, गोविंद दास, जयाद्वैत दास, बरदराज दास, अमन कुमार यादव, अमर कुमार पाठक, निलेश कुमार पाठक, उमेश कुमार यादव, गांगो कुमार, जितेंद्र कुमार राय, राजेंद्र महतो, सीताराम मंडल, तिलेश्वर महतो, बा. सुदेव पंडित, शुभम कुमार, बजरंगी गोसाई समेत कई इस्कॉन प्रेमी शामिल थे।



## ओबीसी आरक्षण महासम्मेलन में बड़कागांव पहुंचे मंत्री आलमगीर आलम, विधायक ममता देवी, अंबा प्रसाद समेत कई नेता

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद व अन्य

सरकारी संस्थाओं और सेवाओं में पर्याप्त प्रति. निधित्व नहीं रखने वाले पिछड़े समुदायों के सामा. जिक, शैक्षणिक और आ. र्थक विकास के लिए जनसंख्या के अनुपात में 27 प्रतिशत ओबीसी समुदाय को आरक्षण दिलाने सहित जातीय जनगणना की मांग को लेकर बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल मैदान में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार आलमगीर आलम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित कई गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश सिंह और संचालन दिलदार अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कहा कि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि सभी लोगों को आगे बढ़कर ओबीसी समुदाय को उचित आरक्षण दिलाने हेतु संकल्प करना होगाद्य विधायक अंबा प्रसाद द्वारा इस मामले को लगातार हर स्तर से उठाया गया हैद्य विधानसभा में अंबा प्रसाद ने लगातार ओबीसी जाति को उचित आरक्षण दिलाने हेतु मांग की हैद्य उठाए गए मुद्दे को निश्चित रूप से पूरा करना है और जब तक अपने हक एवं अधिकारों की मांग हेतु लड़ाई नहीं करेंगे तब तक आगे नहीं बढ़ सकते हैंद्य आगे उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद पूरा देश कोरोना महामारी से जो चला था उस दौरान हमारी सरकार ने सबसे कठिन काम मजदूरों को सकुशल अपने घर तक पहुंचाने का काम बहुत बेहतरी से कियाा मंत्री आलमगीर आलम ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक निर्मला देवी के मामले पर कहा की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा निर्दोष योगेंद्र साव एवं निर्मला देवी को फंसाने का कार्य किया उन्होंने जल्द ही माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय दिलवाने का आश्वासन दियाद्य उन्होंने विधायक अंबा प्रसाद द्वारा गैरमजरूआ भूमि के मुआवजा के संबंध में जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करने एवं भू स्वामियों को उचित मुआवजा दिलाने तथा बकरी शेड एवं पशु शेड की संख्या बढ़ाने का भी आश्वासन दिया हैद्य विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राज्य में ओबीसी की जनसंख्या 50ः से भी अधिक है परंतु ओबीसी समुदाय को मात्र 14ः आरक्षण दिया जा रहा है जो कि अन्य राज्यों की तुलना में भी काफी कम है। ओबीसी समुदाय में 160 से भी अधिक जाति शामिल है इसलिए ओबीसी समुदाय को हक एवं अधिकार प्राप्त हो इसके लिए जातीय जनगणना की मांग की जा रही है। राज्य में मात्र 14ः आरक्षण के कारण ओबीसी समुदाय के कई लोग सरकारी नौकरी एवं अन्य सुविधाओं से वंचित हो जा रहे हैं। यह बस समाज की लड़ाई नहीं है बल्कि हक व अधिकार तथा संविधान बचाने की लड़ाई है जनसंख्या के आधार पर सभी जाति को आरक्षण मिलना चाहिए भाजपा और आजसू ओबीसी जाति के नाम पर लोगों को बरगला रही है। लोग 7779979993 नंबर पर मिस कॉल कर समर्थन दें। विधायक अंबा प्रसाद ने आलमगीर आलम से गैरमजरूआ जमीन की मुआवजा दिलाने एवं गाय सेड की संख्या बढ़ाने की मांग की है। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करके दिखलाती है। पहले पिछड़ी जाति को 27ः आरक्षण मिलता था परंतु भाजपा की सरकार ने 14ः कर दी है जो पिछड़ों के साथ घोर अन्याय हैं। झारखंड सरकार ने जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही हैं जिसका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर लाल सिंह, शशि मोहन सिंह, जिला महासचिव पंकज गुप्ता, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश प्रसाद, दिलदार अंसारी, बासमती देवी, गिरेंद्र महतो, हाजी तबस्सुम, शेख अब्दुल्लाह, संजय महतो, पद्दुम साव, जमाल सगीर, पंकज प्रसाद, कुलेश्वर महतो, प्रकाश प्रसाद, वाहिद अली, आशीष चक्रवर्ती, दिनेश्वर प्रसाद, कुलेश्वर राम, दिनेश प्रसाद, निसार खान, कुलेश्वर राम, बाबर अली, त्रिलोकी साव, फागू राम, अनुज राम, मो शमीम, अहमद उल्लाह, मो साबिर, आनंद, प्रेम चंद साव, अमर कुमार, पंकज, कृष्णा महतो, गोवर्धन साव, छोटे खान, रमेश सिंह भोक्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड के समस्त विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल शिक्षक व अन्य

बड़कागांव प्रखंड के समस्त विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई।बैठक अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान हजारीबाग के पत्रांक 662 दिनांक 24 अक्टूबर के आलोक में की गई।प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में एसएमसी की मासिक बैठक अध्यक्षता एतवा गंजू की एवं संचालन पारा शिक्षक शमशेर आलम के द्वारा किया गया।बैठक को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय कार्य दिवस के प्रत्येक माह के 25 तारीख को एएमसी की बैठक करना प्रखंड के सभी विद्यालयों के लिए आदेश जारी करते हुए सुनिश्चित किया गया है।जिसका मूल उद्देश्य है कि शिक्षा से सं. बंधित बातों पर विशेष तौर पर चर्चा करना समस्या तथा समस्या का समाधान आपसी मेलजोल से करना।और सरकार के द्वारा शिक्षा से संबंधित संचालित योजनाओं की विशेष तौर पर अभिभावकों को जानकारी देना है। बताते चलें कि प्रखंड में 2019 के नियमों का पालन करते हुए वर्ग 6 से विद्यालय बच्चों का पठन-पाठन का कार्य संपन्न हो रहा है वही करोना महामारी को ध्यान में रखते हुए वर्ग पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए विद्यालय पूर्ण रूप से बंद है।बैठक की समीक्षा बीपीएम प्रह्लाद कुमार एवं बीआरपी अभय कुमार व समस्त सीआरपी के द्वारा किया गया।बैठक मुख्य रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़,आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव ,कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव, यूएमएस तल. सवार,चौपदार बलिया ,एमएस बादम, एमएस जरजरा, यूएमएस अंबा. जीत, यूएमएस कांडतरी, यूएमएच महटीकरा, यूएमएस जुगरा,यूएमएस नयाटाँड़, एनपीएस अंबा. टोला, एनपीएस लुकोया, एनपीएस गाली, एनपीएस रोहनगोड़ा, एनपीएस मिर्जा. पुर,आदि विद्यालय में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से प्रधान शिक्षक संयोजक अशोक कुमार शिव शंकर पाठक उमेश कुमार महतो, तुलेश्वर कुमार संतोष कुमार, प्यारेलाल महतो, नरेश यादव, शिक्षक चेतलाल राम, शमशेर आलम, बंशीधर मिर्धा, अरविंद कुमार सिंह, सुधु गंझू, विनेश्वर प्रसाद विनायक, महावीर गंझू, रंजीत खलखो, रामप्रक. ाश,बसंती हेंब्रोम, नागेंद्र करमाली, मनीष उरांव, मेराज, अंसारी सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## कुशवाहा समाज मौर्य युवा संगठ्न का हुआ गठ्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कमेटी गठन में शामिल लोग

गुरुचट्टी कुशवाहा समाज की बैठक बड़कागांव कुशवाहा धर्मशाला में की गई। 15 से 35 वर्ष आयु के युवाओं ने समाज की एकता और अखंडता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अच्छे वातावरण का निर्माण का प्रण लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार एवं संचालन ग्राम सचिव हुलास प्रसाद ने किया। मौर्य युवा संगठ्न, गुरुचट्टी का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्षचंदन कुमार, उपसचिव उदय मेहता, संरक्षक कुशवाहा समाज गुरुचट्टी, संयोजक जयवीर कुमार, संगठन मंत्री सूरज कुमार, उप. संगठन मंत्री कमलेश कुमार मीडिया प्रभारी पिंटु कुशवाहा दिनकर, व्यवस्था प्रमुखदृमन्नू कुमार, देवेंद्र कुमार, सन्नी कुमार, शिक्षा मंत्री अभिषेक आलोक, उपशिक्षा मंत्री दिनेश्वर कुमार, स्वास्थ्य मंत्री अवध किशोर कुमार, उपस्वास्थ्य मंत्री घनश्याम कुमार, सफाई मंत्री मिथलेश कुमार, उपसफाई मंत्री धी. रंजन कुमार, मनोरंजन मंत्री शशी कुमार, उपमाना. ेरंजन मंत्री कपिल कुमार, अनुशासन मंत्री दिवाकर कुमार, उपअनुशासन मंत्री योगेंद्र कुमार, पर्यावरण मंत्री विंकेश कुमार, उपपर्यावरण मंत्री अजीत कुमार को बनाया गया।

आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।
संपर्क–9431129570

